भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3025
22 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए नियत

एल्युमिनियम एयर बैटरियों का उत्पादन

3025. श्री नायब सिंह सैनी:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल की जाने वाली चीन की लिथियम आयन बैटरियों के विकल्प के रूप में एल्युमिनियम एयर बैटरियों के उत्पादन के संबंध में कोई योजना है;

(ख) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) और (ख) :महोदय, भारत सरकार ने एसीसी की 50 गीगा वाट घंटा और उत्कृष्ट एसीसी की 5 गीगा वाट घंटा की विनिर्माण क्षमता प्राप्त करने के लिए 18,100 करोड़ रुपये के परिव्यय वाले 'राष्ट्रीय उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण कार्यक्रम' को 9 जून,2021 को अधिसूचित किया है। इस कार्यक्रम में किसी प्रौद्योगिकी विशेष पर बल नहीं दिया गया है। तथापि, 'उत्कृष्ट' एसीसी से भविष्य की प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

***